हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## खबर संक्षेप

### पद पाने के बाद प्रथम बस्तर आगमन आज





**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव और मंत्री केदार कश्यप का पद मिलने के बाद रविवार को प्रथम आगमन होगा। स्वागत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। जबर्दस्त तैयारी की जा रही है। विभिन्न चौक-चौराहों में बड़े-बड़े होडिंग्स और पोस्टर लगाए गए है। साथ ही शहर के प्रवेश द्वार लालबाग महाराणा प्रताप चौक से सिविल लाइन तक सड़क के दोनों ओर सजावट की गई है।

### सीआरपीएफ ने किया बोरई एवं घुटकेल में सिविक एक्शन कार्यक्रम



**कोण्डागांव।** भारत सरकार, गृह मंत्रलय के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके तहत भवेश चौधरी, कमाण्डेंट 188 बटा. केरिपु बल के निर्देशन में ओमप्रकाश विश्नोई सहा. कमाण्डेंट जी0, 188 समवाय केरिपु बल के नेतृत्व में ग्राम पंचाय तबोराइ एऔर घुटकेल में 21 दिसबर को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान कन्या आश्राम बोराई, पूर्व माध्यमिक शाला बोरई, पूर्व माध्यमिक शाला घुटकेल के बच्चों को फुटबाल, कैरमबोर्ड, चेसबोर्ड और बेडमिन्टन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बोरई के सरपंच किरण भोमर और ग्राम पंचायत घुटकेल के सरपंच जागेश्वर धुरव और कन्या आश्राम के प्रधान अध्यापिका अम्बिका मरकाम एवं शिक्षक गणों के साथ–साथ छात्र छात्राएं एवं केरिपु बल के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवान उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना विश्रामपुरी का किया गया वार्षिक निरीक्षण



**कोण्डागांव।** थाना विश्रामपुरी का वार्षिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक, वाय अक्षय कुमार कोण्डागांव के द्वारा किया गया निरीक्षण के दौरान थाना के समस्त अभिलेखों, मालखाना एवं उपलब्ध आर्म्स एम्युनेशन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश व सुझाव दिया गया। तत्पश्चात पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों का दरबार लगाया गया, जिसमें अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं का समाधान जल्द ही करने के लिए आश्वासन दिया गया एवं मजबूत पुलिसिंग से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना परिसर का भ्रमण कर अधिकारी कर्मचारी आवास का निरीक्षण भी किया गया तथा पुराने एवं जर्रर आवास की मरम्मत एवं दुरूस्त करने का आश्वासन पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया।

### स्वयंसेवकों ने चलाया ग्राम संपर्क अभियान



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना की चिपावंड के स्वयंसेवकों ने सुरक्षित पारा, सुरक्षित लइकामन थीम के अंतर्गत ग्राम नेवता माता मंदिर ,नयापारा और ग्राम पंचायत बफना स्कूल पारा मालगुजार पारा में ग्राम संपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में बाल सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, शारीरिक दंड, बाल यौन शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अधिकार से संबंधित नारा लेखन, रैली, नुक्कड नाटक के माध्यम से जन जागरूकता के लिए दो दिवसीय ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने ग्राम के प्रत्येक आंगनबाडी में जाकर बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल सुरक्षा के बारे में चर्चा कर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित किये। नाटक के माध्यम से शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा से जोडने के लिए पालकों को प्रेरित किया गया। इस अभियान में हीरालाल मौर्य सरपंच ग्राम पंचायत नेवता, ग्रामीणजन, आंगनबाडी कार्यकर्ता का विशेष सहयोग रहा।

# सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को किसानों को दी जाएगी लंबित धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि

## कलेक्टर दीपक सोनी ने समिति प्रबंधकों की बैठक में तैयारी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार 25 दिसंबर को जिले के 23 हजार किसानों को लगभग 26 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को समिति प्रबंधकों की बैठक में इस कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लंबित धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें किसानों को ससम्मान आमंत्रित करें तथा उन्हें राशि भुगतान का प्रमाण पत्र प्रदान करें। उन्होंने इसके साथ ही जिला और जनपद पंचायत के सदस्यों के साथ ही पंच–सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आदरपूर्वक आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय और विकासखण्ड मुख्यालय के साथ ही समितियों में भी किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री श्री साय इस अवसर पर किसानों के साथ बातचीत भी करेंगे। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशि भुगतान के पश्चात किसानों को आवश्यकता अनुसार नगद निकासी के लिए एटीएम में नगद की भी पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।



### सम्मानपूर्वक व्यवहार करें

कलेक्टर ने इसके साथ ही कहा कि शासन की घोषणा अनुसार अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान यह भी ध्यान रखा जाए, कि यह धान की खरीदी वास्तविक किसानों से ही करें तथा अन्य स्थानों के धान को न खरीदें। उन्होंने धान बेचने के लिए आने वाले किसानों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, कृषि विभाग के उप संचालक डीपी तांडे, सहकारी संस्थाएं के सहायक पंजीयक केएल उइके, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी खाद्य, जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और समितियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

# छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने जिला एवं सत्र न्यायालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों, न्यायालय भवन में संचालित कार्यालय अनुभाग, प्रशासनिक भवन, ग्रंथालय, परिवार न्यायालय, अभिलेखागार, प्राथमिक चिकित्सा क्लिनिक सहित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। न्यायालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवीन भवन निर्माण के संबंध में कलेक्टर दीपक सोनी से चर्चा की। जिसमें कलेक्टर ने बताया की वर्तमान स्थिति में नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के लिये भूमि आबंटन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और विधि मंत्रालय में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। मुख्य न्यायाधीश ने इसके बाद अधिवक्ता संघ कोण्डागांव एवं नारायणपुर के सदस्यों के साथ मुलाकात की और कोण्डागांव में उपभोक्ता फोरम एवं श्रम न्यायालय की स्थापन के संबंध में चर्चा की।



### न्यायालय में स्थापित प्राथमिक उपचार केन्द्र की प्रशंसा

*मुख्य न्यायाधिपति द्वारा पक्षकारों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के लिये परिवार न्यायालय परिसर में स्थापित प्राथमिक उपचार केंद्र का अवलोकन करते हुए इस पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति के साथ रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.बीएलएन. सुब्रह्मण्यम, प्रोटोकॉल ऑफिसर आरएस. नेगी तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### युवोदय स्वयंसेवकों की निःस्वार्थ सेवा की मुख्य न्यायाधीश ने की सराहना

इस दौरान जिले में कार्यरत युवोदय कोण्डानार चैम्प्स के स्वयंसेवकों से मुख्य न्यायाधीश ने मुलाकात की। जिसमें मांझीआठगांव के स्वयंसेवक सुकमन नेताम ने स्वयं की पहल से हितग्राहियों की राशनकार्ड निर्माण में सहयोग देने, ईरागांव की स्वयंसेवक गीतेश्वरी नेगी द्वारा चिढ़ाये जाने के कारण स्कूल छोड़ने वाले बच्चे के पुनः स्कूल जाने में सहायता एवं कोण्डागांव की आरती कुंजाम द्वारा कुपोषित बच्चे को एनआरसी में भर्ती कराकर सहायता के संबंध में जानकारी दी गयी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा उनके कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सभी स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन किया। कलेक्टर सोनी ने जिले में युवोदय कोण्डानार चेम्प्स के स्वयंसेवी युवाओं द्वारा आमजनों की समस्याओं के निराकरण में किए जा रहे कार्य एवं सहयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही जिले में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के तहत संवेदना कार्यक्रम अंतर्गत अभिनव पहल के रूप में संचालित हॉफवे होम, यूनिसेफ के सहयोग से सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये संचालित आओ बात करें कार्यक्रम एवं शिक्षण संस्थाओं में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उन्हें जागरूक कर मानसिक समस्याओं से बचाने एवं तनाव प्रबंधन सिखाने के लिएकिये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि मानसिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता एवं सहयोग कर उन्हें मुख्य धारा में लाने की पहल सराहनीय है। उन्होंने पूरे प्रदेश के लिए इस व्यवस्था को अनुकरणीय बताया। वहीं युवोदय कोण्डानार चेम्प्स के स्वयंसेवियों द्वारा निस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा की भी प्रशंसा की।

# 10 वर्षों से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आरोपी जावेद अली और इरफान अली दोनों लाजिकैश कम्पनी में एटीएम मशीन में कैश डालने का काम नगरनार, बकावंड और जगदलपुर के एटीएम मे करते थे। जो बैंक शाखा से पैसे लेकर सम्बन्धित एटीएम में डालते थे। कम्पनी को गुमराह करके दोनों सगे भाई होने की जानकारी छिपाकर एक साथ कैश लोडिंग करते थे। इसी का फायदा उठाते हुए दोनों भाइयों ने एटीएम के पैसे को चोरी करने के नीयत से योजना बनाई और 11 जुलाई 2014 को आरोपी जावेद अली ने स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक से 19 लाख रुपये लेकर उसे बकावंड स्थित एटीएम में दोपहर के वक्त डाला, फिर शाम को 5 से 5.30 बजे के मध्य पुनः एटीएम मशीन बकावंड में जाकर कैमरा में स्प्रे डालकर उसमें रखे 2408600 रुपये चोरी कर ले गया और दोनों भाई उक्त चोरी की रकम को आपस में बांट लिए। विवेचना के दौरान आरोपी जावेद अली गिरफ्तार हो चुका था एवं उसका भाई इरफान अली घटना कारित करके फरार था। मामले की गंभीरता और विगत 10 वर्षों से पेंडिग अपराध को देखते हुए उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा थाना प्रभारी बकावंड निरीक्षक

- 24 लाख रुपये की चोरी की वारदात को दिया था अंजाम



दिनेश यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी को शीघ्र पकड़ने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी घनश्याम कामड़े व नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में फरार आरोपी इरफान अली की लगातार पतासाजी की जा रही थी। 22 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी इरफान अली जगदलपुर में घूम रहा है। प्राप्त सूचना की तसदीक व आरोपी की धरपकड़ के लिए पतासाजी किया गया, आरोपी बस स्टैंड तिराहा के पास स्कूटी में घूम रहा था, पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। घटना के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने भाई को अपना गोपनीय पासवर्ड बताकर घटना करना कबूल किया। आरोपी इरफान अली को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना बकावंड के प्र.आर. मोहन कश्यप, आर. राहुल नेताम, दीजिंद्र शुक्ला, जगत कश्यप, केशव राणा, अमृत कुजूर, भीष्म ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।



## नगर में निकाली आकर्षक कलश शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेश्वरी मंदिर के सामने टाउन क्लब मैदान में शनिवार को श्रीमद भागवत कथा भव्य कलश यात्रा के साथ आगाज किया गया। कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी, बाजे गाजे और आकर्षक झांकी के साथ निकले शोभायात्रा में श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए आयोजन समिति की अध्यक्ष सरिता यादव सिर पर पोथी लिए चलीं। कथा व्यास अंकुश महाराज सुसज्जित रथ में सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। दंतेश्वरी मंदिर परिसर से कलश यात्रा आरंभ हुआ। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। बैंड बाजा और भक्ति संगीत के बीच नाचते गाते श्रद्धालु चल रहे थे। शोभायात्रा गोल बाजार, जय स्तम्भ चौक, मेन रोड, महावीर चौक, श्रीराम चौक, चांदनी चौक, संजय बाजार से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचे। यहां मुख्य यजमान ने व्यासपीठ का पूजन करके श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारंभ करवाया। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगी। कथा का समापन 30 दिसंबर को पूणार्हुति के साथ होगा।

- श्रीमद भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

## रोग ग्रसित बकरियों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारसूर



**खबर का असर**

इंद्रावती नदी पार कोशलनार इलाके में रोग ग्रसित बकरियों का आज पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने उपचार कर दवाई वितरित किया। वहीं लैब में जांच करने सेंपल भी लिए गए। ग्रामीणों ने खबर प्रकाशित कर उनकी समस्या से प्रशासन को अवगत कराने हेतु हरिभूमि का आभार माना है। ज्ञात हो कि बारसूर से लगे भैरमगढ़ ब्लॉक के कोशलनार में देशी नस्ल की बकरियों की मौत होने तथा मुंहपका रोग का संक्रमण तेजी से फैलने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए इसकी जानकारी पशु चिकित्सा विभाग को दी थी। खबर का असर हुआ जिसके तहत एक चार सदस्यीय दल वेटनरी डॉक्टर मिथिलेश उप्पल के नेतृत्व में कोशलनार पहुंच बकरियों का टीकाकरण किया। साथ ही दवाई का वितरण कर बकरी पालकों को बीमारी फैलने की स्थिति में सावधानी बरतने की समझाईश दी। कोशलनार निवासी बोटे, मंगलू भुनेश और पालराम ने मेडिकल टीम के जरिए बीमार बकरियों के उपचार में सहयोग के लिए हरिभूमि का आभार माना है।

### नदी पार कर पहुंची टीम

मेडिकल टीम के सदस्य दवाई और अन्य मेडिकल किट को कंधे में ढोकर कोशलनार पहुंचे। रोग ग्रसित कोशलनार में इंद्रावती नदी पार कर 7 किलो मीटर पैदलयात्रा कर बकरियों का टीकाकरण किया।

## शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में प्राचार्य डॉ सी आर पटेल के नेतृत्व में रामानुजन मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास आयंगर रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष देवनारायण नेताम एवं महेंदर सिंह कुर्रे को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महान गणितज्ञ रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। देवनारायण सिंह नेताम ने अपने उद्बोधन में छात्र–छात्राओं को इस आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने बताया कि समस्त विषयों में गणित ही एक ऐसा विषय है, जो कि निश्चित है, जिनके निश्चित हल प्राप्त होते हैं। अन्य सभी विषयों में विवेचना की आवश्यकता होती है, जबकि गणित सटीक फलों पर निर्भर होता है। महाविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष शशि भूषण कन्नौजे ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि गणित को सदैव एक जटिल विषय माना जाता है, जबकि गणित से सरल विषय और कोई दूसरा नहीं है। समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉक्टर किरण नुरूटि ने गणित विषय को सभी विषयों का सिर कहा। और गणित विषय लेकर आगे की संभावनाओं को भी छात्र–छात्राओं से साझा किया। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष शोभाराम यादव ने छात्र–छात्राओं को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और आगे भी इस तरह के जागरूकता के कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, भाषण तथा पजल जैसे अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम का संचालन अतिथि प्राध्यापक सुश्री झामेश्वरी साहू कर रहे थे एवं चंद पंक्तियों के माध्यम से उन्होंने गणित की महत्ता को छात्र–छात्राओं के सामने स्पष्ट किया।

## डॉ राजाराम ने लिखा पत्र, दिए सुझाव



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय किसान महासंघ आईफा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने देश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के ड्रोन के लिए 1261 करोड रुपये का बजट आवंटित करने के लिए धन्यवाद दिया है। पत्र में कृषि में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए मानक निर्धारित करने और ड्रोन की मांग को पूरा करने के उनके अनुरोध को तुरंत संबोधित करने के लिए आभार व्यक्त किया गया है।

## पेज 13 के शेष

### क्रिसमस का ....

दुकान में भरपूर स्टॉक रखा गया है। यहां 70 रुपए से लेकर 500 रुपए तक के आकाशदीप हैं। वहीं 80 रुपए से लेकर 800 रुपए तक के सजावटी सामान हैं। इसके अलावा बच्चों के प्रिय सेंटा क्लॉज की वेशभूषा धारण करने के लिए ड्रेस हैं। बाजार में इन सामानों की अधिक मांग रहती है। क्रिसमस पर्व पर स्कूलों में विभिन्न स्पर्धाएं भी आयोजित की जा रही हैं। फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चे सेंटा क्लॉज बनना बेहद पसंद करते हैं। क्रिसमस ट्री और घरों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है, जिसके लिए सजावटी सामानों की बिक्री अधिक रहती है। नववर्ष के स्वागत के लिए मसीहीजनों के अलावा अन्य लोग भी घर और मोहल्ले की सज्जा के लिए सजावटी सामान खरीदते हैं। व्यापारियों ने बताया कि क्रिसमस पर्व का बाजार 20 दिसंबर के बाद जोर पकड़ता है और 31 दिसंबर तक सामानों की मांग बनी रहती है।

### प्रभु यीशु के जन्म ....

महिला समिति के द्वारा की जाएगी। 25 दिसम्बर क्रिसमस की आराधना सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी। 26 दिसंबर को मसीह समाज की रैली की जाएगी एवं 27 दिसंबर को बच्चों के लिए खेलकूद आयोजित किया गया है। उसके पश्चात महिला समिति के द्वारा गरीब अनाथो, विधवाओं को गिफ्ट दिया जाएगा फिर चर्च में 31 दिसंबर की रात को वॉच नाइट सर्विस का आयोजन किया जाएगा। लाल चर्च की केरोल टीम शहरी क्षेत्र में देर रात तक प्रभु के जन्म के समाचार को लोगों के बीच में पहुंचा रहे है।

### ओडिशा से 154 ...

आवश्यक दस्तावेज नही पाया गया। जिस ट्रेक्टर ट्राली में धान लोड था। उसे पंचों की उपस्थिति में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु जारी निर्देशों के पालन में 154 कट्टा अवैध धान जब्त कर थाना कोंटा की अभिरक्षा में दिया गया। उक्त जब्त धान सहित वाहन को पुलिस थाने में सुपुर्द कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### बैकुंठ एकादशी ....

सभी शेष 23 एकादशियों के बराबर अकेले अपना महत्व रखता है। अर्थात यदि कोई इस दिन देव दर्शन या आराधना करता है तो पौराणिक मान्यतानुसार वर्ष में पड़ने वाले सभी 24 एकादशी पर देव दर्शन या आराधना करने के बराबर है। शनिवार को बालाजी मंदिर में भक्तों के लिए भगवान के दर्शनार्थ उत्तर दिशा के कपाट खोले गये थे। टेंपल ट्रस्ट के चेयरमैन ए वीरराजु ने बताया कि मुक्कोटी एकादशी पर भगवान बालाजी के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में शहर के साथ दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे।

### 5-5 किलो की....

किया। तिमापुर 168 केरिपु, बीडीएस 168 केरिपु बासागुड़ा एवं थाना बासागुड़ा की टीम द्वारा मौके पर उक्त आईईडी को निष्क्रिय किया गया। गत रात नक्सलियों ने उक्त स्थान पर यात्री बस में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। सुरक्षा बलों की सतर्कता से नक्सलियों के नापाक मंसूबों को विफल किया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने जिला ...



12 सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को किसानों को दी जाएगी...



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल:-76972-12782

## खबर संक्षेप

### नक्सल स्मारक ध्वस्त



बीजापुर। नवीन स्थापित कैम्प डुमरीपालनार से डीआरजी बीजापुर, महिला कमाण्डो एवं दंतेवाड़ा डीआरजी की टीम शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। नक्सलियों द्वारा डुमरीपालनार के जंगल में लगभग 30 फिट ऊंचा नक्सल स्मारक बनाया गया था। अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा डुमरीपालनार के जंगल में स्थापित नक्सल स्मारक को ध्वस्त किया गया। क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग अभियान जारी है।

### आईईडी की चपेट में आकर जवान घायल

बीजापुर। जिले के थाना जांगला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोटेनार के जंगलों में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाइटर की टीम आज नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान अपराह्न में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 2-3 नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का 1 जवान घायल हुआ। घायल जवान को उपचार हेतु जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया है।

### पर्व : जोर-शोर से हो रही क्रिसमस की तैयारियां

# क्रिसमस का बाजार सजकर तैयार कैरोल सिंगिंग दल दे रहे शुभ संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

क्रिसमस पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। संभाग मुख्यालय पर चर्च की सजावट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समाज के लोग अपने घरों की सफाई, रंग-रोगन कराने में जुटे हुए हैं। क्रिसमस पर्व को लेकर बाजार में उत्साह है। दुकानदारों ने आकाशदीप, सजावटी सामान, सेंटा क्लॉज की ड्रेस आदि का भरपूर स्टॉक रखा है। मसीही घरों में कैरोल सिंगिंग दल द्वारा प्रभु यीशु के शुभ सन्देश देने की तैयारी में जुटे है। नगर के गोल बाजार स्थित दुकानदारों ने बताया कि क्रिसमस पर्व को लेकर ⏭ शेष पेज 12 पर



### दुकानदारों को केक बनाने मिल रहे ऑर्डर

क्रिसमस पर्व और नए साल पर बड़ी मात्रा में केक बिकता है। लोग 25 दिसंबर क्रिसमस पर्व की रात और 31 दिसंबर की मध्य रात को केक काटकर जश्न मनाते हैं। यही नहीं जमकर आतिशबाजी भी होती है। मॉर्डन बेकरी के संचालक ने बताया की लोगों की डिमांड के अनुसार केक बनाना शुरू कर दिया है।

### गमले में बिक रहा क्रिसमस-ट्री

बताया जा रहा है कि फूल पौधे बेचने वाले अब अन्य पौधों की अपेक्षा क्रिसमस-ट्री का गमला भी रखे हुए हैं। लोग अपने घरों में क्रिसमस-ट्री खरीदकर ले जा रहे हैं। यहां इसकी साज-सज्जा की जा रही है।

### प्रभु यीशु के जन्म के समाचार को केरोल टीम घर-घर पहुंचा रही

शहर के पुराने लाल चर्च में लगभग 1 महीने पूर्व क्रिसमस की तैयारी में मसीह विश्वासी चर्च के सदस्य जुट गए हैं। यहां महीने भर का कार्यक्रम चल रहा है।



20 दिसंबर से मसीह विश्वासी सदस्यों के यहां जाकर केरोल की टीम के माध्यम से प्रभु के जन्म के समाचार को सुना रहे है। लाल चर्च में भरपूर तैयारी की गई है। लाल चर्च मसीह समाज के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि मसीह विश्वासी अपने-अपने घरों में क्रिसमस ट्री झालर लगाते हैं पकवान बनाया जाता है और घरों में स्टार टांगा जाता है। 24 दिसंबर की रात को चर्च में ज्योति आराधना ⏭ शेष पेज 12 पर

## ओडिशा से 154 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



- राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने जांच कर की ट्रैक्टर जब्त

जिले के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार को चिन्ताकोंटा रोड पर नाले के पास ओडिशा से परिवहन हो कर आया अवैध धान का ट्रैक्टर ट्राली सहित नाले में पलटे जाने कि सूचना परमेश्वर मंडावी तहसीलदार कोंटा को मिली। तत्पश्चात राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। चिन्ताकोंटा पहुंचने पर कन्ना नामक व्यक्ति ने उक्त ट्रैक्टर ट्राली में पड़ा धान अपना बताया। टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचने पर कन्ना नामक व्यक्ति रास्ते से भाग खड़ा हुआ। घटना स्थल पर वापस पहुंचने पर वाहन चालक रवि बोड्डु, पिता वीरा उम्र 20 निवासी आसिरगुड़ा का बयान लिया गया। जिसमें उनके पास धान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं पाये गये। वाहन चालक को यह भी ज्ञात नहीं था कि धान किस के यहां से लोड किया गया है। ट्रैक्टर ट्राली में कोई नम्बर दर्ज नही था। वाहन चालक के पास परिवहन के ⏭ शेष पेज 12 पर

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## बैकुंठ एकादशी पर भक्तों ने उत्तर द्वार से किया भगवान के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बैकुंठ एकादशी पर बालाजी मंदिर में उत्तर द्वार से भगवान के दर्शन भक्तों ने किया। बैकुंठ एकादशी जिसे तेलुगु पंचांग के अनुसार मुक्कोटी एकादशी भी कहा जाता है, यह सनातन धर्मावलंबियों विशेष तौर पर वैष्णवों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। आमतौर पर हर साल दिसंबर या जनवरी के महीने में यह तिथि आती है। इस विशेष तिथि



पर वैष्णव मंदिरों का उत्तर द्वार भक्तों के लिए खोला जाता है। बालाजी मंदिर के प्रधान पंडित श्रीकांत ने बताया कि यह तिथि वर्ष में पड़ने वाली ⏭ शेष पेज 12 पर

## 5-5 किलो की दो आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के थाना भैरमगढ़ व थाना बासागुड़ा क्षेत्र अंतर्गत 5-5 किलो के दो आईईडी बरामद कर उसे निष्क्रिय किया गया। थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत बेलचर पगडण्डी रास्ते पर नक्सलियों द्वारा लगाये गये 5 किग्रा के आईईडी को पुलिस की संयुक्त पार्टी ने आज बरामद किया है। नक्सलियों द्वारा सुरक्षा पार्टी को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से पगडण्डी रास्ते में 5 किग्रा का आईईडी कुकर में प्लांट किया गया था। आईईडी प्रेशर स्वीच से लगाया गया था। अभियान में निकले





डीआरजी की पार्टी एवं बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा आईईडी बरामद कर मौके पर निष्क्रिय किया गया। वहीं थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत तिमापुर सड़क से 20 मीटर की दूरी पर 5 किग्रा का आईईडी जवानों ने बरामद ⏭ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### शिक्षिका गंगा व कमलावती शिक्षा अलंकरण से सम्मनित

**भानुप्रतापपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरुप राज्य शिक्षक अलंकरण के तहत श्रीमती कमलावती तेता प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला बारवी व श्रीमती गंगा कोमरे प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला झालापारा खड़का को खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सदेसिंह कोमरे सर द्वारा पुरस्कार देकर सह सम्मानित किया गया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंतागढ़ ने बाजी मारी




**भानुप्रतापपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गणित विज्ञान क्लब प्रदर्शनी ,क्विज प्रतियोगिता ,कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता तीनों आयामों पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कांकेर जिले के अपने ब्लाक स्तर पर प्रथम ,द्वितीय ,स्थान में चयनित प्रतिभागियों का जिला स्तर पर प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता आयोजित हुई ।जिसमें गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान 03 पर प्रथम स्थान तेजष कुमार काटिंगल ,रोशन बघेल मा. शा. कलगांव ,क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान कुमारी नीलम कौड़ो,कुमारी चांदनी उयके मा.शा.बुलावंड एवं कबाड़ से जुगाड़ में त्रिकोणमिति ट्रिक्स एवं शब्दों एवं अंकों का फास्ट सरल तरीका में कुमारी सिमरन पटेल एवं उर्वशी पटेल मा. शा. कलगांव तृतीय स्थान में विजेता रही।बच्चों के साथ नोडल शिक्षक श्री कपिल साहू एवं रोहित बघेल संकुल समन्वयक ने नेतृत्व किया।विजेता प्रतिभागियों को सभी अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### मृत शिक्षक के परिजनों को मिली सहायता राशि



**चारामा।** मरकाटोला घाट के पास 22 दिसम्बर की सुबह 9 बजें हुई भीषण सड़क दुघर्टना में प्रधान पाठक संजय कुमार शासकीय प्राथमिक शाला शुक्लापारा गितपहर में शिक्षक के रूप पदस्थ थे का आकस्मिक निधन हो गया। उसी स्कूल में पदोन्नति होकर प्रधान पाठक बनें, उनके निवास स्थान मराठापारा धमतरी में शासन के नियमानुसार मृत शिक्षक के पत्नी स्वाति को अग्रेसिया राशि 50 हजार रुपएं का चेक बीईओ चारामा केशव राम साहू के द्वारा प्रदान किया गया। समस्त शिक्षक समुदाय चारामा और खंड कार्यालय चारामा द्वारा दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गईं और शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया, जिसमें शिक्षक अशोक गोटे, टीकमचंद सिन्हा, मनोज सिन्हा, प्रेमप्रकाश साहू निज निवास धमतरी गए हुए थे।

### विज्ञान व गणित आधारित मॉडलों की लगाई प्रदर्शन



**कांकेर।** प्रथम इजुकेशन फाउंडेशन एनपीसीएल का आर्थिक सहयोग से चलाए जा रहे एफएलपी कार्यक्रम नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम धौराभाठा में कबाड़ से जुगाड़ विज्ञान एवं गणित पर आधारित माडल प्रदर्शन लगाया गया, जिसमें पानी तुला माप, ज्वालामुखी, अनंत पथ, आसान थर्मस, गुब्बरे का सायफन, बोतल में फव्वारा, जादुई हाथ, वर्षा मापी इत्यादि मॉडल बनाया गया, जिसमें पानी तुला माप, ज्वालामुखी और अनंत पथ का मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान सरपंच महेश नेताम, प्रथम इजुकेशन से टाकेश्वर सार्थी, डिगेश्वर गजेंद्र व ग्रामीण । उपस्थित रहें।

# हमाल की मांग पर किसानों ने रनवाही में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के रानवाही धान खरीदी केंद्र में गुरुवार को सुबह खरीदी बंद हो जाने से नराज किसानों ने ट्रैक्टरों को मुख्य सड़क में आड़ा तिरछा लगाकर जाम कर दिया था। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद चक्का जाम हटाया गया। दरअसल रानवाही खरीदी केंद्र में किसानों को गुरुवार का समय दिया गया था। किसान धान लेकर केंद्र पहुंचे तो वहां पर हमाल उपस्थित नही थे इस लिए किसानों का धान लेने से मना कर दिया गया। इससे नाराज किसानों ने चक्काजाम कर दिया था।

**किसानों ने स्वयं तौला धान**

यहां पर आज हमाल नही पहुँचने से किसानों की धान खरीदी नही हो पा रही थी। इस लिए किसानों ने चक्का जाम कर दिया था। स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर किसानों से बात किया किसानों ने कहा कि हम स्वयं धान तौलकर मदद करेंगे धान बेचने पहुंचे किसानों ने स्वयं धान की तौलाई कर समर्थन मूल्य में अपना धान बेचा।






प्रबंधक ने भी उनके तौलाई से राजी होकर इन किसानों से धान खरीद लिया।उन्होंने कहा कि धान की तौलाई करने वाले इन किसानों को उनकी मेहनताना अलग से दिया जाएगा।

**पैसा लेने के बाद भी नहीं पहुँचे हमाल**

मिली जानकारी के अनुसार यहां के हमाल मजदूरी राशि की मांग कर रहे थे जिन्हें कल ही समिति द्वारा 50 हजार रुपए दिया गया लेकिन हमाल पैसा लेने के बाद आज दूसरे दिन काम पर नही पहुँचे।

## समारोह : वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव

# शारीरिक और मानसिक ताजगी के लिए खेलकूद जरूरी : प्राचार्या सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में 21 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजार्चना कर किया गया। इस तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन में विभिन्न खेल-कूद का आयोजन किया गया है। शुभारंभ अवसर के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस तरह के कलात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए।

इससे बच्चों में विकास होता है। खेल-कूद शरीर और मन में ताजगी लाता है। इनसे मांसपेशियां सुगठित हो जाती हैं।मन की ऊब मिटाने और चित्त में प्रसन्नता लाने के लिए खेलों की जितनी भूमिका है उतनी शायद अन्य किसी चीज की नहीं। यही कारण है कि अलग- अलग समाज और देश में विभिन्न प्रकार के खेलों को पर्याप्त महत्त्व दिया जाता है। महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इसी मकसद से किया जाता है। अंत मे उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया।




**विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ**

बालक वर्ग क्रिकेट का फाइनल मैच एमएससी और बीए(जेएमसी) टीम के मध्यम खेला गया है। जिसमें एमएससी की टीम ने पत्रकारिता के टीम को हराकर फाइनल मैच को अपने नाम किया है। इस एक दिवसीय खेल में 100 दौड़, 400 मीटर रिले दौड़, लंगड़ी दौड़, जलेबी दौड़, टेटांगी दौड़, गोली चम्मच दौड़, बोरा दौड़ सहित और भी अन्य खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, आईक्यूएसी समन्वयक रितेश कुमार नाग, डॉ नसीम मोहम्मद मंसूरी, केके प्रधान, क्रीड़ा प्रभारी सुषमा चालकी, महिला प्रकोष्ठ के संयोजक नंदिनी कश्यप, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, योगेश्वरी कोसमा, मुकेश कुमार डहरवाल, श्रीदाम ढाली, योगेश यादव, डीके बांधे, जीवन साहू, रमाकांत रजक, ईश्वर सिन्हा, टुपेश कोसमा, निशा तिवारी, दिव्या जैन सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# उपराष्ट्रपति से अभ्रदता पर विपक्ष का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

संसद के बाहर विपक्षी पार्टियों व कांग्रेस नेताओं द्वारा देश के उपराष्ट्रपति को अपमानित करने के विरोध में भानुप्रतापपुर में गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का पुतला फूंका तथा विपक्षी नेताओं के विरोध में नारेबाजी की।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन हेमप्रकाश शिवहरे भाजपा जिला कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह सतीश श्रीवास्तव, गुरपाल सिंह रंधावा रजिन्दर रंधावा उर्मिला जसूजा आकाश सोलंकी संकेत नशोने भीखम अर्दे कुंदन साहू टीकम टाडिया ललित गांधी राजीव श्रीवास योगेश सोनवानी राजेंद्रध्रुव लक्ष्मण कुलदीप विषम पटेल प्रसून पटेल रोशन मिश्रा वल्लभ पटेल गिरधारी नरेटी अभिषेक श्रीवास्तव दीपांकर मजूमदार सरबजीत विश्वास आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस दौरान नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस किसानों का अपमान करती आई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ जाट समाज से आते हैं, किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका अपमान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में जनता विपक्षी पार्टियों को जवाब जरूर देगी।

# किसानों की कर्जा माफ़ी की घोषणा की अमल पर आनाकानी : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव पंकज राज वाधवानी व विधानसभा अध्यक्ष आकाश यदु ने प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित कर कहा की हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्र के बड़े नेताओं व भाजपा प्रत्याशियों व ने मोदी की गारंटी बताकर दर्जनों घोषणाएं की थी जिसमें प्रमुख रूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रू. के भाव में धान की खरीदी, साथ ही भाजपा ने वायदा किया था धान खरीदी केन्द्रों में गांव में ही एकमुश्त नगद भुगतान किया जायेगा, 2 लाख तक का किसानों का कर्जामाफ इस संबंध में विजय शर्मा का प्रचार का अनेक वीडियों सोशल मीडिया में भी वायरल है, जिसमें वे 2 लाख तक कर्ज माफी करने का वायदा कर रहे है। परंतु अभी तक भाजपा कर्ज माफी के मुद्दे से भी मुकरती हुई नजर आ रही है साथ ही भाजपा ने माताओं-बहनों से फार्म भरवा कर सरकार बनते ही 1000 रू. प्रति माह, साल में 12000 रू. महतारी वंदन के तहत देने का वायदा किया था व 500 रू. सिलेंडर , 200 यूनिट तक की बिजली फ्री का भी वायदा भाजपा के नेताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता के साथ किया गया था।



# सेलेगांव विद्यालय में हुआ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य एवं लक्ष्य अंतर्गत लिंगानुपात संस्थागत प्रसव में सुधार ,ए एन सी पंजीकरण में वृद्धि बालिकाओं का कौशल विकास के बीच ड्रॉप आउट कि दर कि जांच व सुरक्षित मासिक धर्म व्यक्तिगत स्वच्छता, वा प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में वा,उनके अधिकार संबंधी जानकारी पर्यवेक्षक सीता कुरैशी एवम अनुसूईया साहू हाटकर्रा द्वारा दी गई। कार्यक्रम में लगभग 135 बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रश्न उत्तरी बालिकाओं के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता किया गया जिसमें विजय बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाई स्कूल के प्राचार्य गौतम राम नायक व अध्यक्षता प्रदीप ठाकुर सरपंच सेलेगांव विशेष अतिथि भूतपूर्व सरपंच सुरजोतिन बाई के द्वारा किया गया कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सीता कुरैशी सेक्टर कोरर एवं अनुसूईया साहू सेक्टर हाटकर्रा पर्यवेक्षक अर्चना ठाकुर स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सुमन ठाकुर व्याख्याता एवं साला परिवार के समस्त स्टाफ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला जैन चैती शोरी अमरो फरदिया कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# सुरक्षा बल ने छात्रों और ग्रामीणों को बांटे घरेलू जरूरत के समान

**भानुप्रतापपुर।** 81 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्राम टीमरूपानी प्राथमिक स्कूल, ग्राम कटोरी प्राथमिक स्कूल, कुतरुकुरुशबॉडी प्राथमिक स्कूल, नीरोदा प्राथमिक स्कूल में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को बांटे जरूरत का सामान। इस कार्यक्रम में सी. ओ. बी. टीमरूपानी व सी. ओ. बी. हेथले के अंतर्गत आने वाले ग्राम टीमरूपानी, कटोरी, कुतरुकुरुशबॉडी, नीरोदा के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया। इस अवसर पर सोमील वोहरा, सहायक कमांडेंट कंपनी कमांडर सी. ओ. बी टीमरूपानी, श्रीमती महेंद्री अचला (सरपंच ग्राम- तेमरूपानी) और श्री. रघुनंदन कौशल, (हेड मास्टर शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम-टेमरूपानी) और जयराम हदामाली (हेड मास्टर सरकारी प्राथमिक विद्यालय ग्राम-खोरपानी)मौजूद रहे तथा योगेश्वर सिंह, सहायक कमांडेंट कंपनी कमांडर सी. ओ. बी हेथले, राम किशोर गावड़े (शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोटोरी के प्रधानाध्यापक), . दयाराम उसेंडी (शिक्षक), . फागु राम पिस्दा, (शासकीय प्राथमिक विद्यालय निरोधा के प्रधानाध्यापक), हितेश रावटे (शिक्षक), टोपेश मरकाम (शासकीय प्राथमिक शाला कुतरुकुरुशबॉडी के प्रधानाध्यापक), रामजी राम (कोटरी के वार्ड पंच) और प्राथमिक स्कूल के बच्चे भी उपस्थित थे।



# रामानुजन जयंती पर गणित दिवस में उल्टी-सीधी गिनती का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- रंगोली, गणित मॉडल, गणित चार्ट, तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला, प्रश्नमंच पर छात्राओं की झलकी प्रतिभा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में 22 दिसंबर शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्री नि वा स रामानुजन के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। जिसकी शुभारंभ सम्माननीय अतिथि महोदयों द्वारा मां सरस्वती एवं श्रीनिवास जी के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर द्वीप वंदना किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर मातृ वंदना या कुंदेंदुतु सार हार धवला ..... किए।

विद्यालय में विद्यालय स्तर पर अनेक विधाओं का आयोजन किया गया था। जिसमें भैया बहिनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए । पहाड़ा, उल्टी गिनती, सीधी गिनती, रंगोली, गणित मॉडल, गणित चार्ट, तात्कालिक भाषण , निबंध, चित्रकला, प्रश्नमंच जैसे अनेक विधाओं में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाए। संस्था प्रमुख थानुराम सिन्हा के मार्गदर्शनुसार गणित प्रभारी अजय मंडावी एवं सहयोगी सियाराम, संजय तारा सिन्हा के नेतृत्व में सभी आचार्यों ने मिलकर सभी विधाओं का प्रभार लेते हुए कार्यक्रम को संपन्न किए। चित्रकला प्रदर्शन में प्राथमिक विभाग से तरुण विभाग तक के भैया बहिनों ने रामानुजन का तस्वीर बखूबी और बेहतर तरीके से बनाए। निबंध की रचना का रूप और तौर तरीका आकर्षण रहा। रंगोली प्रदर्शन ने अतिथियों का सम्मान बढ़ाया। गणित प्रदर्शन में नन्हें नन्हें भैया बहिनों से लेकर तरुण वर्ग के भैया बहिनों ने गणित के उपयोग और आवश्यकता पर मॉडल बनाए थे जिसकी अवलोकन अतिथि महोदयों ने किए और उनसे चर्चा परिचर्चा करते हुए रूबरू हुए। प्रश्नमंच ने दर्शक भैया बहिनों को मोह लिया था क्योंकि प्रतिभागी के अलावा बाकियों के लिए भी प्रश्न पूछे जा रहे थे। पहाड़ा प्रतियोगिता में कहीं से भी पूछने से भैया बहिनों ने तुरंत जवाब देकर सबका दिल जीत लिए। उल्टी गिनती की गति से सब भैया बहिन और आचार्य भी प्रभावित होने लगे। उच्च वर्ग के भैया बहिनों ने श्री रामानुजन जी के बारे में और गणित से अवगत कराते हुए भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैरिती कदम , कंप्यूटर शिक्षक सेजेस भानुप्रतापपुर ने अपनी शुरुआती शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर के बारे में बताते हुए वापिस इसी आलय में कदम रखने की अनुभूति को प्रणाम किया। उन्होंने सभी भैया बहिन को गणित का महत्व और विशेषता को बताए। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ऋतु यादव , प्रधान अध्यापिका , माध्यमिक सेजेस भानुप्रतापपुर ने हर एक क्षण में गणित की उपयोगिता को बताते हुए उनको आनंद के साथ सीखने के लिए प्रेरित किए। मनसुखलाल मिश्रा , कोषाध्यक्ष , सरस्वती शिक्षा समिति भानुप्रतापपुर ने गणित को अपने जीवन का हिस्सा मानते हुए खुशी से अपनाना चाहिए और पूरे लगन के साथ सीखने की कोशिश करने की बात कही। विजय बेसरा , जिला प्रतिनिधि जिला कांकेर एवं विधि विभागाध्यक्ष महाविद्यालय कांकेर ने अपने बीते समय शिशु मंदिर और लोगों में गणित विषय का डर को दूर करने की कला से अवगत कराए। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर सभी विधाओं में स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिनों को पुरस्कार वितरण अतिथि से किया गया। संस्था प्रमुख थानुराम सिन्हा ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का तहे दिल से आभार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी भैया बहिनों और आचार्यों को धन्यवाद ज्ञापित किए। इस प्रकार से मुख्य अथिति, कार्यक्रम के अध्यक्ष और विशेष और विद्यालय सहपरिवार उपस्थित थे।

## अभियान का समापन कल किया जाएगा

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने की शौचालयों की ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। जिसके परिपालन में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 17 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक स्वच्छ शौचालय अभियान प्रारम्भ किया गया है। अभियान का यह अंतिम सप्ताह है जिसमें निकाय क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति को जानने डे- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एन.यू.एल.एम) द्वारा गठित गायत्री महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में जाकर शासन द्वारा जारी चेकलिस्ट में शामिल मानकों के अनुरूप अंक प्रदान कर ग्रेडिंग किया गया। जिस हेतु विभाग द्वारा वर्चुअल प्रशिक्षण स्व सहायता समूह की सदस्यों को दिया गया था। शौचालय की ग्रेडिंग हेतु प्राप्त चेकलिस्ट में मुख्य रूप से प्रथम बिंदु में उपयोगिता जिसमें पर्याप्त हवादार एवं प्रकाश युक्त शौचालय, समस्त सीट में पानी की उपलब्धता, समस्त सीट हेतु कुंडी/सिटकिनी की व्यवस्था, पानी एवं साबून के साथ वाशबेसिन की व्यवस्था द्वितीय बिंदु में पहुंच योग्य जिसमें महिला एवं पुरुष हेतु अलग-अलग प्रवेश द्वार, दिव्यांगजन हेतु शौचालय में उपलब्ध सुविधाएं, शौचालय को खोजने एवं पहुंच हेतु सुविधाएं तृतीय बिंदु में सफ़ाई जिसमें शौचालय की सभी सीट साफ़ सुथरी, शौचालय में डस्टबिन की उपलब्धता, शौचालय में किसी भी प्रकार का रिसाव/लीकेज नहीं चतुर्थ बिंदु में पर्यावरण अनुकूल जिसमें शौचालय हेतु सेप्टिक टैंक/सीवर की व्यवस्था, सैनिटरी पैड कलेक्शन एवं निपटान की व्यवस्था, जल संरक्षण हेतु शौचालय में उपलब्ध सुविधा पंचम एवं अंतिम बिंदु में सुरक्षित जिसमें शौचालय के अंदर एवं बाहर प्रकाश की व्यवस्था, केयरटेकर की व्यवस्था, शिकायत निवारण हेतु सिस्टम आदि को जांचा गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री हेमंत कुमार नेताम के निर्देश पर नोडल अधिकारी श्री राकेश सिदार के मार्गदर्शन में महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को उक्त कार्य हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने अपनी टीम को निर्देशित किया गया था जिसमें मुख्य रूप से डे-एन.यू.एल.एम. के मिशन मैनेजर श्री सौरभ श्रीवास्तव, जिला समन्वयक श्री रोहित कश्यप , का सहयोग रहा। शौचालय ग्रेडिंग के दौरान महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा आसपास के नागरिकों को भी शौचालय के प्रति जागरूक करने शौचालय का भ्रमण कराया गया और उसे स्वच्छ रखने तथा उचित रखरखाव हेतु अपनी जिम्मेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित करने अपील की गई।



# गीता दर्शन मोटिवेशन में 40 छात्रों ने भाग लिया



**कांकेर।** मार्गशीर्ष मोक्षदा एकादशी के दिन गीता जयंती का शुभारंभ जिला सहकारी संघ मर्यादित की अध्यक्ष सियो पोटाई के द्वारा श्रीकृष्ण की छायाचित्र एवं श्रीमदभगवत गीता का पूजा-अर्चना के साथ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सुशील पोटाई ने श्रीमदभगवत गीता की जानकारी बताते हुए कहा कि आज से 5160 वर्ष पूर्व भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। उसी के उपलक्ष्य में गीता जयंती मनाया जाता है। जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि बड़े-बड़े महापुरूष, महात्मा गांधी, विनोवाभावे, अलबर्ट आइसटिन और अंतरिक्ष यात्री सुनिता विलियम हमेशा गीता का पठन-पाठन करते थे, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग मिलता था। एसडहबां सुषमा नेताम, पद्मश्री अजय मंडावी ने गीता का महत्व बताया।


माननीय किरण देव जी को
भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने एवं
माननीय केदार कश्यप जी
को छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री
बनाए जाने पर अनेक अनेक
बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत :– समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर

### शिक्षकों की 14 चरणों में लगा दी 5 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण

# स्वास्थ्य विभाग प्रमुख ने लगाई शिक्षकों की ट्रेनिंग, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, सूर्यकान्त सिन्हा, जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला, शैनी रविन्द, सचिव नोहर साहू ने बताया कि जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी दंतेवाड़ा द्वारा 14 चरणों में दंतेवाड़ा जिले के

- **टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर व सीईओ से मिल दर्ज कराई आपत्ति**

सभी विकासखंड के महिला व पुरुष शिक्षकों का गैर आवासीय प्रशिक्षण जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में लगा दिया गया है, जो कि किसी भी दृष्टिकोण से उचित नही है। हम शिक्षा विभाग के कर्मचारी है, हमारा आदेश हमारे विभाग प्रमुख के द्वारा निकाला जाना चाहिए, यह अंतर विभागीय मामला है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी जनपद व तहसील से शिक्षकों के लिए डायरेक्ट कार्यादेश व वेतन रोकने की कार्यवाही कर दी जाती है, जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। एसोसिएशन ने इस सम्बंध में कलेक्टर दंतेवाड़ा को अपना ज्ञापन सौंपा है, जिस पर कलेक्टर ने उचित कार्यवाही करने हेतु आश्वासन दिया है। साथ ही इस सम्बंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा से भी चर्चा करने को कहा है। शिक्षकों ने प्रशासन से सवाल उठाया कि क्या शिक्षा विभाग के अधिकारी अन्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा सकते है, शिक्षकों को हर विभाग अपने हिसाब से हांक रहा है।



गौरतलब है कि एक राजपत्रित अधिकारी व्याख्याता का उनके बिना सहमति के आदेश जारी नही किया जा सकता है। संगठन ऐसे सभी मामलों का विरोध करता है, जब शिक्षा विभाग के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के लिए आदेश नही कर सकते, तो स्वास्थ विभाग कैसे कर सकता है। इन तरह की व्यवस्था को ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी विभाग के अधिकारों का हनन न हो।

## विद्यार्थियों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति..

**जगदलपुर।** शहर के संस्कार द स्मार्ट स्कूल में 15वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार व शनिवार को हुए दो दिवसीय कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने रंगारग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसे देख दर्शक दीर्घा मंत्र मुग्ध हो गए। शहर के नावेल्टी हेरिटेज में आयोजित वार्षिक उत्सव का थीम समर्पण रखा गया था। इस अवसर पर शाला के 1000 विद्यार्थियों ने मंच पर आकर बड़े ही रोमांचक ढंग से कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न नृत्य के अनुसार वस्त्र धारण कर कार्यक्रम में जीवंतता ला दी। उपस्थित दर्शक दीर्घा उक्त कार्यक्रमों को देखकर मंत्र मुग्ध हो गए। एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियों ने लोगों को लंबे समय तक बांधे रखा। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि चेयरमेन रतनलाल जैन, विद्यालय के फाउंडर नारायण भावसार, चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, डायरेक्टर सुमन भावसार, शाला की प्राचार्या ऐनी पॉल, शाला एडमिन एलेक्स मैथ्यू, संस्कार द गुरूकुल के डायरेक्टर अमित जैन, नूतन जैन, शहर के गणमान्य नागरिक, रोटरी क्लब के सदस्य समेत बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। संस्था की प्राचार्या एनी पॉल ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना विशेष योगदान दिया है।







## शालेय स्पर्धा में छात्राओं ने लिया हिस्सा



**भोंड।** विकासखण्ड बस्तर के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य एआर नोन्हारे के मार्गदर्शन में हुआ। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्राओं को चार ग्रुप सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुरम में विभाजित किया गया था। सभी ग्रुप में जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग की टीम बनाते हुए विभिन्न खेल फुगड़ी कैरम, रस्सी कूद, गोला फेंक, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी आदि खेल प्रतियोगिता करवाया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में संस्था में कार्यरत सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य एआर नोन्हारे द्वारा सभी छात्राओं को खेल भावना दिखाते हुए खेल खेलने, अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार वितरण का कार्य वार्षिकोत्सव के दिन विशिष्ट अतिथि के हाथों दिया जाएगा।

**देश के प्रख्यात कलाकार देंगे प्रस्तुति**

## शास्त्रीय संगीत की सुरमयी संध्या 30 को







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी 30 दिसंबर को शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहर के कलाकारों और संगीत प्रेमियों की संस्था स्वरागिनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के शास्त्रीय गायक और वादक कलाकार हिस्सा लेंगे। संगीत के बनारस घराने के शास्त्रीय गायक प्रवीण मिश्र और सितार वादक आनंद कुमार मिश्र के साथ मथुरा के अंकित पारिख का पखावज वादन इस महफिल के मुख्य आकर्षण होंगे। इनके अलावा बस्तर के प्रतिभाशाली शास्त्रीय गायक और वादक भी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय कलाकार डॉ. ज्योति लागू और राजकुमार डोंगरे शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे वहीं मनीष मिश्र, भोजराज आचार्य और मास्टर देवेश्वर साहा तबले पर संगत करते नजर आएंगे। कार्यक्रम 30 दिसंबर को लालबाग स्थित शौर्य भवन में शाम 6 बजे आरम्भ होगा।







